तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

12 व्यंजन प्रतियोगिता में निधि और मोमबत्ती ...



11 मानव जीवन में धर्म, कर्म, सत्य और भक्ति ही ...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

खबर संक्षेप

पेंशनर समाज की जिला स्तरीय बैठक 14 को

गुण्डरदेही। पेंशनर समाज की जिला स्तरीय बैठक गुण्डरदेही पेंशनर समाज भवन में 14 अक्टूबर बुधवार को रखी गई है। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर विचार किया जाएगा, साथ ही आगामी नवम्बर माह में जीवित प्रमाण पत्र भरने संबंधी जानकरी दी जाएगी। बैठक में पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष जीके साहू के आलावा जिला व तहसील पेंशनर समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

44 पाव शराब जब्त युवक गिरफ्तार



दल्लीराजहरा। नगर में अवैध मदिरा के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए 44 पाव देशी शराब जब्त की है। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्रवाई के दौरान दल्लीराजहरा निवासी कोमल साहू, पिता ढेलूराम साहू, उम्र 43 वर्ष के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। टीम ने मौके से 7.92 बल्क लीटर यानी 44 पाव शोले देशी मदिरा प्लेन जब्त की। मामले में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59-क के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक एवं वृत्त दल्लीराजहरा के विवेचक अधिकारी रोशन लाल बंजारे के साथ आबकारी उपनिरीक्षक (परिवीक्षाधीन) ▶▶| शेष पेज 10 पर

समस्या : भारी वाहनों के गुजरने से उड़ रही धूल, दो किमी में सड़क की स्थिति काफी बदहाल

बारिश से नेशनल हाईवे पर बने बड़े-बड़े गड्ढे

हरिभूमि न्यूज.बालोद

जिला मुख्यालय से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे क्रमांक 930 की स्थिति बारिश के पश्चात बेहद खराब हो गई है। तेज बारिश के चलते नेशनल हाईवे की ऊपरी परत अनेक स्थानों पर उखड़ गया है और जगह–जगह बड़े–बड़े गड्ढे बन गए हैं। भारी वाहनों के गुजरने पर मार्ग से धूल का गुबार उड़ने लगता है।

वर्तमान में नेशनल हाईवे विभाग द्वारा ख़तरनाक रूप ले चुके स्थानों पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है जो की काफी नहीं है। स्थिति यह हो गई है कि जिला मुख्यालय से गुजरने वाली नेशनल हाईवे को एक बार फिर से डामरीकरण करने पर ही लोगों को राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि गंजपारा स्थित तांदुला नदी पुल से लेकर जिला जेल तक करीब दो किलोमीटर के हिस्से में सड़क की स्थिति सबसे ज्यादा खराब देखी जा रही है। इस हिस्से में लगभग हर 50 से 100 मीटर के अंतराल पर गड्ढे दिखाई दे रहे हैं, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी के साथ दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। बारिश के बाद कई स्थानों पर सड़क की



ऊपरी परत उखड़ गई है, सड़क से गिट्टियां बाहर निकल आई हैं और जगह–जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। वहीं नेशनल हाईवे में अनेक स्थानों पर बेघर हुए मवेशियों के झुंड ने अपना आशियाना बना लिया है। मवेशियों के झुंड तथा गड्ढों से बचने के लिए वाहन चालक कई बार अचानक अपनी लेन बदलने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में सामने से आने वाले वाहनों से टक्कर की आशंका बनी रहती है। मार्ग पर दिनभर छोटे–बड़े वाहनों का दबाव होने के कारण स्थिति और गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के मुताबिक दिन के समय तो सड़क पर मवेशियों के झुंड तथा गड्ढे नजर आ जाते हैं, लेकिन रात में पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण इनका अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में वाहन चालकों के लिए यह मार्ग अधिक जोखिमपूर्ण हो जाता है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा खतरा है। तेज रफ्तार में बाइक का पहिया अचानक गड्ढे में जाने अथवा मवेशी से टकराने पर वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है।

नगर की सीमा क्षेत्र से गुज़रने वाली नेशनल हाईवे की मौजूदा स्थिति को देखते हुए तत्काल सुधार की आवश्यकता है। खराब सड़क का असर सिर्फ आवागमन तक सीमित नहीं है, ऑटो चालकों और नियमित रूप से इस मार्ग का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के अनुसार गड्ढों में लगातार वाहन चलाने से टायर, सस्पेंशन और अन्य पुर्जों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। इससे वाहनों में बार–बार खराबी आने के साथ मरम्मत और मेंटेनेंस का खर्च भी बढ़ रहा है। नेशनल हाईवे अन्य जिलों को बालोद जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है और इस पर दिनभर बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही रहती है। बारिश के बाद सड़क की बिगड़ी स्थिति को देखते हुए वाहन चालकों और स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से एक बार फिर से डामरीकरण कराने की मांग की है। संबंधित विभाग के सामने सड़क की सुरक्षा और यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए जल्द कार्रवाई करना जरूरी हो गया है।

राहुल गांधी पर बल प्रयोग के विरोध में बालोद कांग्रेस का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज:बालोद

- मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग, निकाला विरोध मार्च

नई दिल्ली में चुनाव आयोग की ओर मार्च कर रहे विपक्षी सांसदों को रोकने और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किए जाने के विरोध में बालोद जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस घटनाक्रम को लोकतंत्र के लिए काला दिवस करार देते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन से एक विशाल विरोध मार्च निकाला। कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार एवं चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घड़ी चौक से होते हुए जय स्तंभ चौक पहुंचे, जहां विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज उठाना विपक्ष का अधिकार है। निर्वाचित सांसदों को शांतिपूर्ण मार्च से रोकना और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा दुबे ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का मत है। यदि जनता के वोट और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं, तो हर लोकतंत्रप्रेमी नागरिक को आवाज उठानी चाहिए। पूर्व नगरपालिका ▶▶| शेष पेज 10 पर

पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 40 पर की कार्रवाई

बालोद। जिला पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए 40 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें अवैध शराब के 7 प्रकरण और महिला एवं बालिका संबंधी अपराधों में अपहरण के 2 मामले सामने आए थे।

जिले में शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए बालोद पुलिस द्वारा लगातार प्रतिबंधात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार धारा 170 बीएनएसएस के तहत 15 प्रकरणों में 15 व्यक्तियों के



विरुद्ध कार्रवाई की गई। वहीं धारा 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के तहत 21 ▶▶| शेष पेज 10 पर

बच्चों की आंख में मिर्ची डाली और गर्म प्रेस से जलाया, बेरहम मां गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज:बालोद

नाबालिग बच्चों से मारपीट और प्रताड़ना का आरोप पर महिला गिरफ्तार की गई। आंख में मिर्ची डालने और गर्म प्रेस से जलाने की शिकायत पर बालोद पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। नाबालिग बच्चों के साथ कथित मारपीट एवं प्रताड़ना के मामले में बालोद पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। पीड़ित बालक और बालिका



की ओर से बाल कल्याण समिति में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। प्रारंभिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार शिकायत में आरोप लगाया गया था कि महिला छोटी–छोटी बातों को लेकर अपने बच्चों के साथ गाली–गलौज और मारपीट करती थी, साथ ही बालक की आंख में मिर्ची डालने तथा पढ़ाई को ▶▶| शेष पेज 10 पर



खबर संक्षेप

पुलिसकर्मी की बेटी असुरक्षित तो आम बेटियों का क्या होगा' : अनिला भेंडिया

दल्लीराजहरा। बालोद जिले में 22 वर्षीय युवती पर एसिड अटैक की घटना को लेकर डौंडीलोहारा विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिला



भेंडिया ने प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा से इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब पुलिसकर्मी का परिवार ही सुरक्षित नहीं है, तो प्रदेश की आम बेटियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? अनिला भेंडिया ने कहा कि आमापारा लाइब्रेरी से पढ़ाई कर घर लौट रही युवती पर सिंचाई कॉलोनी में एसिड अटैक की घटना बेहद गंभीर और शर्मनाक है। हमले में युवती का चेहरा, आंख और शरीर का दाहिना हिस्सा बुरी तरह झुलसने की बात सामने आई है। यह घटना महिला सुरक्षा को लेकर सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को उजागर करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन ऐसी घटनाएं प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। बेटियों की सुरक्षा केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

गांजा बेचने के दो आरोपियों को कैद

दुर्ग। नंदिनी थाना अंतर्गत गोढ़ी रोड में गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपियों को जेल में अब तक बिताए गए 3 महीने 7 दिन की कैद सुनाई गई। आरोपियों पर 15-15 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर उन्हें 3-3 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 30 जून 2026 की दोपहर करीब पौने तीन बजे की है। आरोपी सरोरा थाना उरला रायपुर निवासी सन्नी पिता राकेश साहू (27 वर्ष) और त्रिलोचन उर्फ जय प्रकाश पिता ओम प्रकाश घटना स्थल में क्रमशः 2.560 किलो और 2.629 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़े गए थे। आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया गया, जहां से दोनों आरोपियों पर आरोप सिद्ध पाया गया।

हथियार लहराते युवक गिरफ्तार

भिलाई। स्टेशन मरोदा ओवरब्रिज के नीचे सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार और एयरगन लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले युवक को बजरंग पारा, स्टेशन मरोदा निवासी डावेंद्र नंदेश्वर उर्फ दाउ को नेवई पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी काले रंग की सुजुकी बर्गमन स्ट्रीट क्रमांक सीजी 07 डीजी 5517 में हथियार और एयरगन लेकर स्टेशन मरोदा ओवरब्रिज के नीचे लोगों के सामने लहरा रहा था। आरोपी को पकड़ा गया।

ठाणे में छापा मार किराए के फ्लैट से ऑनलाइन सट्टा के 2 पैनल पकड़े

भिलाई। ऑनलाइन सट्टा-बेटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुर्ग पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे में चल रहे एक अंतरराज्यीय ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। थाना वैशाली नगर और एसीसीयू दुर्ग की संयुक्त टीम ने ठाणे स्थित किराए के फ्लैट में दबिश देकर दो अलग-अलग ऑनलाइन सट्टा-बेटिंग पैनलों का संचालन कर रहे 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई म्यूल बैंक खातों के दुरुपयोग और संदिग्ध ऑनलाइन वित्तीय लेन-देन की जांच के दौरान मिले तकनीकी सुरागों के आधार पर की गई।

निधन

लेखूराम

गुरूर। ग्राम नरबदा निवासी लेखूराम का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे फूलबती गंगबेर के पति व सेवक, चन्द्रहास, जानकी साहू के पिता व भारत राम के भाई थे।

जिले के तीनों विधानसभाओं के बीएलओ को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार बालोद जिले में मतदाता सूची को अद्यतन करने और छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रें में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र–59 संजारी बालोद, 60 डौण्डीलोहारा (अजजा) और 61 गुण्डरदेही के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। बीएलओ घर–घर जाकर पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी देंगे। साथ ही, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरवाने और नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।

ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकता है आवेदन

ऐसे पात्र नागरिक, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म–6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर ऑफलाइन आवेदन जमा किया जा सकता है। इसके अलावा, नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए ईसीआई नेट मोबाइल ऐप का भी उपयोग किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने जिले के सभी पात्र नागरिकों, विशेषकर पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आगे आएं। मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं।

बस स्टैंड की दुकान में लगी भीषण आग, दमकल टीम ने पाया काबू



हरिभूमि न्यूज:बालोद

गुरूर में देर रात बस स्टैण्ड में स्थित एक दुकान में आग लग गई। जिसके बाद आस पास मौजूद लोगो में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार देर रात गुरूर स्थित बस स्टैण्ड स्थित एक दुकान में अचानक आग की लपटे उठने लगी।

जहां बंद दुकान से आग की लपटे उठते देख बस स्टैण्ड में मौजूद अन्य लोगों ने इसकी जानकारी दुकान मालिक व पुलिस के साथ फायर बिग्रेड को दी। जहां दुकान में लगी आग देखते ही देखते बंद तेज लपटो में तब्दील हो गई तथा दुकान में गए बिजली कनेक्शन के वायर भी जलने के कारण चिंगारी के साथ तेज लपटे उठने लगी। जहां मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने बिजली विभाग की मदद से दुकान की ओर गए बिजली कनेक्शन को काटने के बाद दुकान में पानी की बौछार कर आग को बुझाने का काम किया। जहां आग की लपटे शांत होने के बाद दुकान में मौजूद गैंस सिलेण्डर को सुरक्षित बाहर निकाला।

गनीमत रही कि मौके पर तेज आग लगने के बाद भी गैंस सिलेण्डर नहीं फटा नहीं तो बड़ी दुर्घटना होने की आशंका लगाई जा रही थी। जहां दुकान में शार्ट सर्किट के कारण आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है। वही जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आग किस कारण लगी।

जामगांव आर कॉलेज में रंगोली और नमो नुक्कड़ से दिया विकसित भारत का संदेश



जामगांव आर। शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में सेवा के रंग' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन कार्यकाल और विभिन्न प्रयासों को रचनात्मक माध्यमों से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आकर्षक रंगोली, पोस्टर और नमो नुक्कड़ कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य विषय विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम रहा। विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से विकसित भारत 2047 सौर ऊर्जा, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, यूपीआई और आवास योजनाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों को दर्शाया। रंगोली को आकर्षक बनाने के लिए प्राकृतिक हरी पत्तियों और फूलों का उपयोग किया गया। इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। स्वच्छता की जिम्मेदारी' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वच्छता के महत्व, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक के कम उपयोग तथा स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। पोस्टर और नमो नुक्कड़ प्रस्तुतियों में नशामुक्ति, दहेज प्रथा के उन्मूलन तथा घरेलू हिंसा की रोकथाम जैसे सामाजिक मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया। नाटक के माध्यम से ग्रामीण जीवन में यूपीआई के उपयोग को भी दर्शाया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक जागरूकता, सकारात्मक बदलाव और राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका को रेखांकित किया। प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने अपने संदेश से विद्यार्थियों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना की।

कुरदी पंचायत में राज्य सलाहकार ने परखी कचरा प्रबंधन और सोख्ता गड्ढों की कार्यप्रणाली



बालोद। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बालोद जिले के गांवों में स्वच्छता और बेहतर कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहा हैं। इसी क्रम में राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद ने गुंडरदेही विकासखंड की ग्राम पंचायत कुरदी का निरीक्षण कर स्वच्छता कार्यों और ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान राज्य सलाहकार ने गांव में घर–घर से कचरा एकत्र करने, गीले और सूखे कचरे को अलग–अलग रखने तथा प्लास्टिक अपशिष्ट के उचित प्रबंधन की व्यवस्था देखी। उन्होंने स्वच्छता दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों और ग्रामीणों की सहभागिता से संचालित स्वच्छता गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने इन प्रयासों की सराहना करते हुए स्वच्छता व्यवस्था को निरंतर बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया।

गांव में गंदे पानी के उचित निपटारे के लिए बनाए गए मैजिक पिट और सोख्ता गड्ढों का भी निरीक्षण किया गया। इन संरचनाओं से पानी का जमाव कम करने और पानी को जमीन में समाने में मदद मिलती है। इससे जलभराव की समस्या दूर करने के साथ भूजल पुनर्भरण को भी बढ़ावा मिलता है। राज्य सलाहकार ने गुंडरदेही विकासखंड के ग्राम रुदा में तीन किलोलीटर प्रतिदिन क्षमता वाले फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। इस संयंत्र के माध्यम से फीकल स्लज का सुरक्षित उपचार करने और स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। राज्य सलाहकार श्रीमती अभिलाषा आनंद ने कहा कि स्वच्छता का उद्देश्य केवल कचरे का निपटान करना नहीं, बल्कि गांवों को स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण के अनुकूल बनाना भी है। उन्होंने इस कार्य में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए स्वच्छता संबंधी नियमों का पालन करने और जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत इस तरह के प्रयासों से गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है।

सड़क हादसों पर लगाम के लिए बालोद में आईआईटी मद्रास का विशेष प्रशिक्षण

बालोद। जिले में डाटा ड्राइव हाईपरलोकल इंटरवेंशन प्रोग्राम के क्रियान्वयन के लिए परिवहन विभाग द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों ने सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों की पहचान करने तथा उनकी रोकथाम के लिए डेटा आधारित कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

- संजय डिजिटल प्लेटफॉर्म से होगी दुर्घटनाओं की सटीक समीक्षा

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सड़क दुर्घटना होने पर आईराड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विभिन्न संबंधित विभागों द्वारा दर्ज की गई जानकारियों के आधार पर दुर्घटना के वास्तविक कारणों का आकलन किया जा सकता है। इस विश्लेषण के आधार पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने और प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने में मदद मिलेगी। आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों ने संजय डिजिटल प्लेटफॉर्म की उपयोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि आईराड के डेटाबेस के आधार पर तैयार इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की जा सकती हैं। इसमें दुर्घटनाओं के समय और माह, दुर्घटना के प्रमुख कारण एवं प्रकार तथा घायलों और मृतकों की आयु जैसी जानकारियां शामिल हैं।

इस प्लेटफॉर्म की सहायता से दुर्घटना संभावित स्थलों और भविष्य में ब्लैक स्पॉट के रूप में विकसित हो सकने वाले स्थानों की पहचान करना आसान होगा। इससे समय रहते संबंधित स्थलों पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कम करने में मदद मिलेगी।

विज्ञान मेले में लाटाबोड़ के जलज और दिव्यांश चमके



बालोद/लाटाबोड़। सरस्वती शिशु मंदिर लाटाबोड़ के दिव्यांश कुमार पिता वासुदेव ने बाल वर्ग विज्ञान में प्रदेश स्तर पर स्वच्छ भारत एवं अपशिष्ट प्रबंधन मे द्वितीय स्थान एवं शिशु वर्ग मे जलज यादव पिता चोलेश्वर यादव प्राथमिक उपचार प्रदर्श मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस पर प्रधानाचार्य प्रकाश तिवारी, जीतेन्द्र सिंदराम, पूर्व उपसरपंच महेद्र यादव एवं पालक तथा खास मार्गदर्शन विज्ञान प्रमुख देवेश बघेल की रही। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष कश्चित साहू, व्यवस्थापक देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष हरिश्चंद साहू, पूर्व ग्राम सभा अध्यक्ष श्याम लाल साहू, जनपद सदस्य भगवती उइके, सरपंच तेजप्रकाश मंडावी, उपासरपंच फलेश्वरी साहू, विद्यालय के सदस्य क्यामल साहू, राजेश यादव संतराम मंडावी, केयत राम, भेमेंद्र साहू, जीवन लाल साहू, पीटी आई, विदेशी राम साहू, रत्नी हीरवानी, हेमा साहू, चुम्मन साहू एवं विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार संकुल प्रभारी दुलार सिह पटेल, जिला समन्वयक दीपक हीरवानी ने बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किये। अब ये बच्चे मध्य प्रदेश के देवास के विजय नगर मे प्रांत का नेतृत्व क्षेत्र मे करेंगे।

ग्राम फिरतुटोला में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



डौण्डीलोहारा। वनांचल के ग्राम फिरतुटोला (नंगुटोला) में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया जी के आगमन से पूरे गांव में खुशी का माहौल रहा। ग्रामवासियों ने विधायक जी का आत्मीय स्वागत किया। विधायक अनिला भेड़िया जी द्वारा विधि-विधान से सीसी रोड का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। लंबे समय से ग्रामवासियों की मांग थी कि गांव की मुख्य सड़क को सीसी रोड बनाया जाए, जो आज पूरी हुई। इस अवसर पर विधायक जी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और हर गांव तक विकास कार्य पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। भूमिपूजन कार्यक्रम में ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार प्रभाकर, जिला पंचायत सदस्य राजा राम तराम जी, देशमुख जी, सरपंच गोमती बाई, विधायक प्रतिनिधि चंद्राकार जी, थानसिंग रावते, भूपेंद्र साहू, भूपेंद्र कुमार साहरे सहित ग्रामवासी परस राम, जाहिद अंसारी, नेतराम यादव, जामुन भाई, तरुण भास्कर, बोधन रावते, आशीब खान और छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक गायक विष्णु कोठारी सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने इस विकास कार्य के लिए विधायक जी का आभार व्यक्त किया।

भरर स्कूल में सेवा गाथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन



जामगांव आर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा गाथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी स्काउट गाइड एवं बच्चों ने सेवा गाथा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। नुक्कड़ नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनकही कहानियों को बड़े ही रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया गया छत्तीसगढ़ी भाषा में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और उन्हें देखकर सारे लोग मंत्र मुग्ध हो गए। जिसमें प्राइमरी स्कूल के छोटे-छोटे छात्र अब मिडिल स्कूल के छात्र साथ ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तर के छात्रें ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं शाला विकास प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए। सरपंच ग्राम पंचायत भरर कौशल्या साहू ने कहा कि हमें सरकार के विभिन्न कार्यों एवं उनके समर्पण से अवगत कराया, केशव राम साहू ने छात्रों को सही मार्ग पर चलने एवं सही शिक्षा के लिए प्रेरित किये। उद्बोधन एवं आभार प्रदर्शन के लिए साला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण चंद्राकर ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों एवं उनके समर्पण की एवं देश में हुए बदलाव की व उन्नत भारत की तस्वीर रखी। प्राचार्य डॉक्टर भारती के कार्यों की सराहना की एवं छात्रों की छिपी हुई कला की प्रशंसा किए, कार्यक्रम में गोवर्धन साहू, मिथलेश साहू, रीना सोनवानी एवं पुरुषोत्तम चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि द्रोण चंद्राकर सहित अन्य गण मान्य नागरिक उपस्थित हुए।

संभागायुक्त ने किया जिपं का निरीक्षण



बालोद। दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने अपने बालोद प्रवास के दौरान जिला पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में संचालित कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। इनमें विकसित भारत–जी राम जी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण से संबंधित कार्य शामिल रहे। उन्होंने योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त राठौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं से संबंधित लंबित प्रकरणों और आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का समय–सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पेज 9 के शेष

राहुल गांधी पर बल ...

अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता पर जनता का विश्वास कायम रहना बेहद जरूरी है। चुनाव आयोग को दबाव से मुक्त होकर पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से काम करना चाहिए।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा ने कहा कि शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध को रोकना और विपक्ष की आवाज दबाना स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस कार्यकर्ता गांव से लेकर शहर तक लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए मजबूती से खड़े हैं।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू ने कहा कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत किसी सरकार या किसी पद की नहीं, बल्कि जनता के एक–एक वोट की होती है। हमारा वोट केवल एक बटन दबाना नहीं, बल्कि देश की दिशा और भविष्य तय करने का अधिकार है।

कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग तथा देश में पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव सुनिश्चित होने तक कांग्रेस का लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से यज्ञ देव पटेल, रवि प्रकाश यादव जी, कल्लू कुरैशी, धीरज उपाध्याय, कमलेश श्रीवास्तव, वैभव शर्मा, विनोद बंटी शर्मा, सुमित शर्मा, आबिद मलिक, साजन पटेल, साधु राम पटेल, रोहित सागर संतोष चौधरी, दिनेश कुमार, मोहनीश पारकर, प्रेम गोलवंशी, कमल टुवानी, उदय आलेंद्र, देवेंद्र साहू, उस्मान राजा, पोषण लाल, रीता सोनी, कृष्णा साहू, फैज अली, दिलीप कुमार, सूर्यकांत सोनी, राजेंद्र सोनकोटिया, मेघनाथ साहू, रोहन लोकनाथ निषाद, अभिषेक यादव,भीखम ठाकुर, जितेंद्र पटेल एवं सुनील मंडावी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पुलिस ने अलग-अलग मामलों ..

प्रकरणों में 25 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस प्रकार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत कुल 36 प्रकरणों में 40 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कदम उठाए गए।

अवैध शराब से संबंधित मामलों में आबकारी एक्ट के तहत 7 प्रकरण दर्ज कर 7 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा असामाजिक गतिविधियों एवं कानून का उल्लंघन करने वालों पर निगरानी रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के संबंध में पुलिस ने अपहरण के 2 प्रकरण दर्ज होने की जानकारी दी है। इनमें 18 वर्ष 6 माह की युवती के गुम होने तथा 17 वर्ष 1 माह की नाबालिग बालिका को बहला–फुसलाकर ले जाने का मामला शामिल है। दोनों मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री, संदिग्ध गतिविधियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया है, ताकि समय पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

बच्चों की आंख में मिर्ची ...

लेकर गर्म प्रेस से उसकी कोहनी जलाने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत के मुताबिक, बच्चों और उनके पिता को घर से निकालने की धमकी भी दी जाती थी।

पीड़ित बच्चों द्वारा बाल कल्याण समिति बालोद में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत की जांच के बाद थाना बालोद में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 296, 115(2) तथा किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 की धारा 75 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने मामले में आरोपिया वार्ड क्रमांक 01, पाररास, बालोद निवासी शबाना बानो पति अब्दुल ताहिर ताज 39 वर्ष को 8 अक्टूबर को सुबह 10.45 बजे विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी की सूचना देने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस के अनुसार, मामले में विवेचना जारी है।

44 पाव शराब जब्त ...

प्रतीक महोबिया, आबकारी मुख्य आरक्षक तजेंद्र मंडल तथा आबकारी आरक्षक गजेन्द्र सोम, चंद्रशेखर सिंहसार और राकेश देशमुख शामिल रहे। इसके अलावा महिला आबकारी आरक्षक चित्रलेखा सिन्हा, कोमल सतपथी एवं चुन्नेश्वरी साहू तथा वाहन चालक कुलदीप ठाकुर ने भी कार्रवाई में सहभागिता निभाई।

खबर संक्षेप

ग्राम सभाओं के हक और विकास राशि को लेकर बैठक आज

डौंडी। राजहरा लौह अयस्क खदान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 47 आदिवासी बहुल ग्राम सभाओं के अधिकारों, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की राशि और जिला खनिज न्यास निधि के उपयोग को लेकर 10 अक्टूबर को डौंडी स्थित गोंडवाना भवन में सुबह 11 बजे विशेष बैठक आयोजित की गई है।
बैठक का आयोजन पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भीष्म सिंह टंडन द्वारा किया गया है, जिसमें डौंडी ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा खनन लीज शर्तों के तहत मुनाफे का 2 प्रतिशत सीएसआर मद से 47 प्रभावित गांवों में बुनियादी सुविधाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका व रोजगार पर खर्च न होने तथा 2015 से 2023 के बीच डीएमएफ मद में प्राप्त लगभग 746 करोड़ रुपये की राशि का अपेक्षित लाभ गांवों को न मिलने के मुद्दों पर चर्चा होगी। इस दौरान ग्राम सभाओं के अधिकारों की रक्षा, राशि के पारदर्शी उपयोग और आगे की साझा रणनीति तय करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

अहंकार बढ़ने से प्रेम का होता है नाश

बालोद। श्री अक्षय मुनि जी मसा ने कहा कि अहंकार बढ़ने पर प्रेम का नाश हो जाता है, कृष्ण ने प्रेम और महावीर ने अहिंसा का मार्ग दिखाया, दोनों की मंजिल एक थी। समता भवन बालोद में आयोजित प्रवचन श्रृंखला में शासन दीपक अक्षयमुनि जी मसा ने प्रेम, अहिंसा, विवेक और सामाजिक जिम्मेदारियों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अहंकार बढ़ने से प्रेम का नाश होता है। व्यक्ति को व्यर्थ के तनाव से दूर रहकर प्रेम और जागरूकता के साथ जीवन जीना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि श्रीकृष्ण ने प्रेम का मार्ग दिखाया, वहीं भगवान महावीर ने अहिंसा का संदेश दिया। दोनों के रास्ते अलग-अलग हैं, लेकिन मंजिल एक ही है। आज व्यक्ति समाज के दबाव में जी रहा है और बार-बार यही सोचता है कि लोग क्या कहेंगे, इससे बाहर निकलने के लिए अपनी गलतियों को स्वीकार करना और भीतर की चेतना को जागृत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बौद्धिक, नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा का उद्देश्य जीवन को सही दिशा देना है, केवल शास्त्रें का ज्ञान पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें समझने के लिए प्रज्ञा और विवेक का जागृत होना आवश्यक है। व्यक्ति को सकारात्मक सोच के साथ परिस्थितियों को स्वीकार करना और सूझबूझ से जीवन जीना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण पर चिंता जताते हुए मुनिश्री ने कहा कि पेड़ों की कटाई को विकास मानना भविष्य में विनाश का कारण बन सकता है। जंगल और ऑक्सीजन के बिना जीवन कठिन हो जाएगा। उन्होंने गौपालन, माता-पिता एवं बुजुर्गों की सेवा, करुणा, दया और सामाजिक सहयोग को जीवन का महत्वपूर्ण लक्ष्य बताया।

प्रवचन : ग्राम लोण्डी में श्रीमद्भागवत कथा का समापन

मानव जीवन में धर्म, कर्म, सत्य और भक्ति ही सर्वोच्च : निरंजन महाराज

हरिभूमि न्यूज:बालोद



जिले के ग्राम लोण्डी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह को धार्मिक अनुष्ठानों एवं भक्तिमय वातावरण के बीच समापन हुआ। इस अवसर पर कथावाचक संत निरंजन महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण के अंतिम प्रसंगों के साथ श्री गीता सार का प्रवचन दिया।

समापन अवसर पर हवन-पूर्णाहुति, कपिलातर्पण एवं सहस्त्रधारा स्नान सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। नौ दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में भगवान श्रीहरि की महिमा, भक्ति, धर्म, सदाचार और आध्यात्मिक जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण का श्रवण किया। प्रतिदिन कथा स्थल पर धार्मिक वातावरण बना रहा और भगवान के जयकारों से पूरा परिसर गूंजता रहा। समापन दिवस पर संत निरंजन महाराज ने श्री गीता सार के माध्यम से जीवन में धर्म, कर्म, सत्य और भक्ति के महत्व को बताया। उन्होंने भगवान के प्रति श्रद्धा रखते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करने तथा सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा के समापन पर विधि-विधान से हवन-पूर्णाहुति सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए।

ग्राम लोन्डी में 1 अक्टूबर से प्रारंभ हुए इस श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ में प्रथम दिन श्री भागवत स्थापना, वेदी पूजन एवं श्री गोकर्ण कथा से शुरुआत हुई। इसके बाद धर्म-पृथ्वी संवाद, राजा परीक्षित को श्राप, सृष्टि वर्णन, वराह अवतार, शिव विवाह, ध्रुव चरित्र, भक्त प्रहलाद, नरसिंह अवतार, गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार, श्री—ष्ण जन्मोत्सव, बाल लीला, वृंदावन लीला, कंस वध, रुक्मणी मंगल, श्री सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष जैसे विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया गया।

श्रीमद्भागवत कथा संस्कारों को मजबूत करने का माध्यम

कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति, सच्ची मित्रता, त्याग, समर्पण और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश मिला। नौ दिवसीय आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। इस भव्य धार्मिक आयोजन के सूत्रधार ग्राम लोन्डी के साहू परिवार ने कथा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं, ग्रामवासियों, इष्ट-मित्रों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। परिवार ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजन समाज में भक्ति, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करने का माध्यम हैं। इस धार्मिक आयोजन के सूत्रधार मानिक राम, लक्ष्मी बाई साहू, टेमन लाल, माधु साहू, खीलूराम, शंकर लाल, सावन बाई, ओमप्रकाश साहू, ममता, ब्रह्मराम साहू, माधुरी बाई, लोकेश, राकेश, त्रिलोक, गजानन, धनेश, रमेश, ललिना सहित समस्त साहू परिवार ने क्षेत्रवासियों, मित्रों एवं श्रद्धालुओं से सपरिवार कथा में शामिल होकर आनंद उठाये।



लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ अंजोरा में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज:अण्डा

दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में अंजोरा (ख) में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस बताते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हाथों में काला फीता बांधकर अंजोरा बाजार चौक से जीई रोड तक नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। इसके बाद बाजार चौक पर सभा आयोजित कर कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। हाथों में काला फीता बांधकर किए गए इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस ने लोकतांत्रिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर अपना विरोध जताया। सभा में उपस्थित नेताओं ने अपने विचार रखे और कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया।

विरोध प्रदर्शन में अंजोरा मंडल अध्यक्ष देवराज चतुर्वेदी, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रिवेंद्र यादव, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन, ब्लॉक सचिव धनेश देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य हेमंत देशमुख, ब्लॉक महामंत्री भारत निषाद, बूथ अध्यक्ष सोहन देशमुख, लोकेश बंजारे एवं हुमत धनकर सहित तारक सिन्हा, पनक धनकर, देवलाव बेलचंदन, नर्मदा देशमुख, दिना साहू, अमन यादव, महावीर यादव और हीरू निषाद सहित क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छोटे डायवर्टेड मार्ग पर प्याज से भरा ट्रक पलटा



हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा

यहां से राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर ग्राम खैरीडीह के पास स्थित पुलिया के संधारण कार्य को लेकर लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग के बीच आपसी समन्वय की कमी का खामियाजा आम जनता, ग्रामीणों, किसानों और वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। गुरुवार की रात पुलिया के पास बाइक और साइकिल जैसे छोटे वाहनों के लिए बनाए गए अस्थायी डायवर्टेड मार्ग पर प्याज से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में लदा प्याज बहते पानी में बिखर गया तथा वाहन के शीशे सहित अन्य हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रक पलटने से मुरम से बनाया गया डायवर्टेड मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया और मुरम पानी में बह गई। राहत की बात यह रही कि चालक को मामूली चोटें आईं। इस मामले को लेकर अब तक किसी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। घटना के बाद अस्थायी मार्ग की मजबूती और सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है।

पानी का बहाव नहीं रुका, तो कैसे शुरू होगा संधारण कार्य?: पीडब्ल्यूडी विभाग ने पुलिया की मरम्मत के लिए एक माह की समय-सीमा निर्धारित की है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए कार्य पूरा होने में और अधिक समय लगने की आशंका है। विभाग के सब इंजीनियर एस.के. सोनी के अनुसार, पुलिया के नीचे से बहने वाले पानी को रोकने के लिए सिंचाई विभाग को पहले ही पत्र लिखकर अनुरोध किया गया था, क्योंकि पानी का बहाव जारी रहने पर मरम्मत कार्य शुरू करने में कठिनाई हो रही है। दूसरी ओर, सिंचाई विभाग ने पानी रोकने के बजाय उसका बहाव और बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि पुलिया के नीचे से खरखरा जलाशय का पानी बहता है, जिसका उपयोग आसपास के अनेक गांवों में किसानों के खेतों की सिंचाई तथा ग्रामीणों की निस्तारी के लिए किया जाता है। वर्तमान में खेतों में धान की फसल खड़ी है और किसानों को सिंचाई के लिए पानी की अत्यंत आवश्यकता है। जलाशय से नालियों के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में पानी का बहाव बंद करना आसान नहीं है। सिंचाई विभाग का तर्क है कि किसानों और ग्रामीणों की जरूरतों को देखते हुए अगले एक महीने तक पानी रोकना संभव नहीं है।

- खैरीडीह पुलिया मरम्मत में तालमेल का अभाव, जनता भुगत रही खामियाजा

रधिया बाई को पीएम आवास के तहत मिला पक्का आवास



बालोद। विकास की बयार अब अंतिम छोर और सुदूर ग्रामीण अंचल तक पहुंच रही है। केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के जीवन स्तर को ऊपर उठाना है।

इसी कड़ी में बालोद जिले के डौंडी विकासखंड के ग्राम कामता की रहने वाली रधिया बाई के जीवन में एक ऐसा ही सुखद और सकारात्मक बदलाव आया है, जिसने उनकी बरसों पुरानी परेशानियों को दूर कर उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी है। रधिया बाई का जीवन काफी संघर्षपूर्ण रहा है। पति के निधन के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। सिर पर पक्की छत न होने के कारण उन्हें और उनके परिवार को हर मौसम में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बारिश के दिनों में टपकती छत और पुराने मकान में रहना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। समस्याओं के कारण घर का सामान सुरक्षित रखना भी मुश्किल हो जाता था। रधिया बाई बताती हैं कि उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि वे स्वयं से कभी एक पक्का मकान बना पाएंगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) रधिया बाई के लिए वरदान साबित हुई है। योजना के तहत उन्हें पक्का मकान स्वीकृत हुआ। इस आर्थिक सहायता और सहयोग से उन्होंने अपने सपनों का आशियाना तैयार किया। आज उनका घर पूरी तरह से पक्का, सुरक्षित और सुंदर बन चुका है, जिसमें वे सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर रही हैं। घर बनने के बाद अब उन्हें बारिश या अन्य मौसम में होने वाली चिंताओं से भी मुक्ति मिल गई है।

हायर सेकंडरी में हुआ छात्र संवाद



बालोद। आई सेक्ट की कौशल विकास यात्रा 2026 के तहत बुनियादी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाररास, बालोद में जागरूकता एवं विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम किया गया। समर्थ भारत सक्षम भारत थीम पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा, करियर विकल्प, रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जानकारी दी गई। आई सेक्ट के प्रवक्ता एन. राव ने कौशल विकास के बदलते परिदृश्य पर प्रकाश डाला, आशीष बेलचंदन ने कौशल विकास यात्र के उद्देश्यों की जानकारी दी, शिक्षाविद एवं व्याख्याता एसके देशमुख ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में इन विषयों पर एआई के उपयोग, जिम्मेदार एवं नैतिक उपयोग तथा भविष्य के करियर अवसरों की जानकारी दी गई, प्राचार्य केएस. ध्रुव ने विद्यार्थियों को सामान्य शिक्षा के साथ कौशल शिक्षा पर ध्यान देने की सलाह दी। इस अवसर पर आई सेक्ट की ब्रांच मैनेजर प्रीति देशमुख सहित चन्दन जैन, मनोज साहू, नौरीन खान, मेघा ठाकुर, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रुपेश कश्यप ने किया।

आंगन मिलन सेवा में ग्रामीणों को दी गई शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज:अंडा



सेक्टर अंजोरा दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत अंजोरा के अटल समरसता भवन में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर उपाध्यक्ष राज्य ग्रामीण, विशेष अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य संगीता साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन, अध्यक्ष महिला मोर्चा अंजोरा रामकली साहू, अध्यक्ष महिला मोर्चा उतई शीतला ठाकुर, अंजोरा मंडल से यामिनी हरमुख, सरपंच संतोष सारथी, उपसरपंच माखन साहू तथा पंचगण ममता साहू करण वैष्णव खिलेश्वर साहू थे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि आंगन मिलन सेवा का मुख्य उद्देश्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। महिला बाल विकास विभाग की नींव हमारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मितानिन का सम्मान तथा स्वास्थ्य जांच टीकाकरण पौष्टिक थाली न्योता भोज खिलौना बैंक के माध्यम से आंगनबाड़ी को सक्षम बनाना है। विधायक महोदय ने कहा कि जब एक गर्भवती माता स्वस्थ होगी तो आने वाली पीढ़ी स्वस्थ होगी। गोदभराई एवं अन्नप्राशन संस्कार को सरकार ने पोषण अभियान से जोड़कर मातृशक्ति सम्मान बना दिया है।

परियोजना अधिकारी ऊषा झा ने लोगों को सुकन्या समृद्धि योजना में बेटियों के लिए खाता खुलवाने की अपील की। पर्यवेक्षक गीतांजली भैंसारे शशि रैदास एवं प्रमिला वर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सुकन्या समृद्धि योजना बाल संदर्भ शिविर सक्षम योजना महिला कोष आदि की जानकारी प्रदान की।

कृषि विज्ञान केंद्रअंजोरा से पोषण विशेषज्ञ डॉ. निशा शर्मा ने बच्चों को जंक फूड से बचाव एनीमिया एवं गर्भवती शिशुवती को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार खाने में शामिल करने की सलाह दी। डॉक्टर गायत्री मढ़रिया द्वारा जच्चा बच्चा कार्ड की उपयोगिता बताई गई। अभियान को बढ़ावा देने हेतु सभी अतिथियों को जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मुनगा के पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

खुद के वाहन से बढ़ा रहे कारोबार, आय में जबरदस्त बढ़ोतरी

मत्स्य संपदा योजना से आत्मनिर्भर बने हसमुख

हरिभूमि न्यूज:बालोद



सच्ची लगन, मेहनत और सरकार की सही नीतियां किसी भी व्यक्ति की तकदीर बदल सकती हैं। बालोद जिले के ग्राम खैरवाही के युवा हसमुख निषाद ने इस बात को पूरी तरह सच साबित कर दिखाया है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ने उनके जीवन में एक ऐसा सकारात्मक बदलाव लाया है, जो आज युवाओं के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत बन गया है।

हसमुख निषाद बताते हैं कि उनके परिवार का मुख्य व्यवसाय शुरू से ही मछली पालन का रहा है। उनकी तीन पीढ़ियां इस कार्य को पूरी ईमानदारी से करती आ रही हैं। हालांकि, पारंपरिक तरीका होने और पर्याप्त संसाधनों की कमी के चलते परिवार की आर्थिक स्थिति लंबे समय तक बेहद कमजोर बनी रही। स्थिति यह थी कि मछली पकड़ने के बाद उसे बाजार तक पहुंचाने के लिए उन्हें किराए के वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिसमें एक बड़ी कमाई किराए चुकाने में ही चली जाती थी।

योजना के तहत मिली चार पहिया पिकअप, परिवहन लागत में आई कमी

केंद्र और राज्य शासन की संयुक्त पहल से मत्स्य पालक हसमुख के जीवन में नया सवेरा आ गया है। मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत उन्हें एक चार पहिया वाहन (पिकअप) की सहायता प्रदान की गई। यह वाहन उनके व्यवसाय के विस्तार के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस गाड़ी के मिलने से अब वे बिना किसी परेशानी के अपने गांव से लेकर आसपास और दूर-दराज के बाजारों तक ताजी एवं जीवित मछलियों का परिवहन और विक्रय कर रहे हैं। स्वयं का वाहन होने से अब हसमुख को न केवल किराए की चिंता से मुक्ति मिल गई है, बल्कि परिवहन लागत घटने से उनकी आमदनी में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है। आर्थिक तंगी से जूझने वाला उनका परिवार अब एक आत्मनिर्भर और स्थिर जीवन की ओर अग्रसर है। हसमुख का मानना है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मछली पालकों के लिए एक बेहद कल्याणकारी और मददगार योजना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रें में स्वरोजगार के द्वार खुले हैं। अपनी इस सफलता से गदगद होकर हसमुख निषाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति अपनी और अपने परिवार की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन जिस प्रभावी तरीके से हो रहा है, उससे एक जरूरतमंद और मेहनतकश युवा आगे बढ़ रहा है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



शिक्षिका साधना देशमुख ने कराया न्योता भोज

डौण्डीलोहारा। प्रधान पाठक केएल चुरेन्द्र व सहायक शिक्षिका साधना देशमुख ने अपने जन्म दिन के अवसर पर शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला सहगांव में न्योता भोज कराया। न्योता भोज में चावल- दाल सब्जी के साथ खीर-पुड़ी, बड़ा पापड़ व केला परोसा गया। दिलीप कुमार मेश्राम ने जन्म दिन की बधाई देते हुए कहा कि न्योता भोज से प्रेम, सद्भावना, भाईचारा व आत्मीय आनंद की अनुभूति होती है। बच्चे स्वादिष्ट भोजन खाकर प्रसन्न मन से धन्यवाद दिए। इस अवसर पर शाला परिवार के नीलिमा राम, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, विजय कुमार पटेल, केशर अलेन्द्र, गिरीश कुमार निर्मोही विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी गोविन्द सिंह चुरेन्द्र, जोहन लाल तारम, हीरा गोटे, नाजुक बी व रसोईया दुलौरीन सहारा, सुरेखा यामले, लीला यादव, रेखराम तारम उपस्थित थे।

ठेकवाडीह में दलहन-तिलहन लगाने किसानों को किया प्रेरित



गुरूर। ग्राम ठेकवाडीह में कृषि विभाग के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भरता दलहन मिशन योजना अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण रखा गया था जिसमें रबी फसल में धान की जगह दलहन तिलहन चना फसल लगाने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी राजेश कुमार पटेल ने किसानों को बताया कि धान की अपेक्षा दलहन एवं तिलहन फसलें अधिक लाभकारी होने के साथ-साथ कम सिंचाई में बेहतर उत्पादन देती हैं। इससे भू-जल संरक्षण, उत्पादन लागत में कमी, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि तथा किसानों की आय में बढ़ोतरी सुनिश्चित होगी। दलहन फसलें भूमि में नाइट्रोजन स्थिरीकरण कर मिट्टी की गुणवत्ता भी सुधारती हैं, जिससे आगामी फसलों को भी लाभ मिलता है। कार्यक्रम में सरपंच देवश्री साहू, कृषक मित्र मोतीराम साहू, भीखू राम साहू, मदन मोहन साहू, कुमार ठाकुर,रिखी राम साहू, ईश्वर लाल साहू, प्रवीण साहू, मेघराज साहू विक्रम ठाकुर सहित अधिक संख्या में किसान उपस्थित थे।

सार्थक का प्रयास विद्यालय में चयन

बालोद। होराइजन अकादमी के कक्षा आठवीं के छात्र सार्थक कोठारी का कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय में मेरिट के आधार पर चयन हुआ है। प्रयास विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सार्थक ने यह उपलब्धि हासिल की। सार्थक पढ़ाई के साथ–साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहे हैं।



आयोजन : आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह का समापन, विविध प्रतियोगिताएं आयोजित

व्यंजन प्रतियोगिता में निधि और मोमबत्ती प्रतियोगिता में लोकेश्वरी साहू ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज:दल्लीराजहरा

नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 54 में पोषण माह का समापन उत्साह, जागरूकता और सामाजिक सरोकारों के संदेश के साथ किया गया। कार्यक्रम में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, बच्चों को कुपोषण से बचाने, महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने तथा बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता, मोमबत्ती प्रतियोगिता और बच्चों के लिए न्योता भोज कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झूना बाई देवांगन उपस्थित रहीं। स्वास्थ्य विभाग से एएनएम आशा सोनी, महिला एवं बाल विकास विभाग के पंडरदल्ली सेक्टर की सुपरवाइजर किरण नायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन बहनें, वार्डवासी तथा केंद्र के हितग्राही बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने पोषण, स्वास्थ्य और बच्चों के बेहतर भविष्य से जुड़े संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कुपोषण से बचाव और संतुलित आहार की दी जानकारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेक्टर सुपरवाइजर किरण नायक ने महिलाओं एवं हितग्राहियों को बच्चों में कुपोषण के कारणों, उसके लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार बेहद महत्वपूर्ण है। भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता, बच्चों की नियमित देखभाल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता से कुपोषण की समस्या को कम करने में मदद मिल सकती है।

उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम के महत्व पर भी प्रकाश डाला और महिलाओं को महतारी वंदन योजना के लाभों की जानकारी दी। इसके साथ ही बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी नोनी सुरक्षा योजना तथा सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों, सरकारी योजनाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।



बेटे के जन्मदिन पर बच्चों को कराया न्योता भोज, पहल की हुई सराहना

कार्यक्रम का सबसे आत्मीय और भावनात्मक पल उस समय आया, जब आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 54 की कार्यकर्ता मनीषा पटेल ने अपने बेटे के जन्मदिन के अवसर पर केंद्र के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। जन्मदिन की खुशी को बच्चों के साथ साझा करने की इस पहल ने कार्यक्रम में अपनत्व और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया। बच्चों के साथ खुशियां बांटने और उनके लिए भोजन की व्यवस्था करने के इस प्रयास की उपस्थित लोगों ने सराहना की। न्योता भोज जैसी पहल सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के साथ बच्चों के प्रति स्नेह, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करती है।

व्यंजन प्रतियोगिता में निधि देवांगन प्रथम

पोषण माह के समापन पर आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पोषक तत्वों से भरपूर व्यंजनों की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता का उद्देश्य पौष्टिक भोजन के महत्व को रचनात्मक तरीके से सामने लाना और लोगों को संतुलित आहार के प्रति प्रेरित करना रहा। प्रतियोगिता में निधि देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी प्रस्तुति को प्रतियोगिता में विशेष स्थान मिला। वहीं मोमबत्ती जलाओ प्रतियोगिता में लोकेश्वरी साहू ने प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं की सहभागिता, रचनात्मकता और उत्साह देखने को मिला।

सुपोषित समाज बनाने का लिया संकल्प

पोषण माह के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। पौष्टिक आहार, समय पर स्वास्थ्य देखभाल, महिलाओं में जागरूकता और बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों को स्वस्थ रखने की दिशा में निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 54 में आयोजित यह कार्यक्रम पोषण जागरूकता, सामाजिक सहभागिता और बच्चों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देकर संपन्न हुआ।

युवती पर एसिड हमले से साहू समाज में आक्रोश, एसपी से कार्रवाई की मांग



अण्डा। अर्जुन्दा थाना एवं तहसील पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, पीड़िता की सुरक्षा और मुआवजे की मांग बालोद जिले में एक युवती पर कथित एसिड हमले की गंभीर घटना को लेकर परिक्षेत्रीय साहू समाज भिलाई में आक्रोश है। घटना को गंभीरता से लेते हुए समाज की ओर से पुलिस अधीक्षक बालोद को आवेदन सौंपकर पीड़िता को न्याय दिलाने तथा घटना में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। समाज ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। परिक्षेत्रीय साहू समाज भिलाई, तहसील अर्जुन्दा एवं विधानसभा क्षेत्र गुंडरदेही, जिला बालोद की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि युवती पर कथित एसिड हमले की घटना बेहद चिंताजनक है। इस तरह की घटना से पीड़िता को शारीरिक और मानसिक रूप से गंभीर आघात पहुंचता है। समाज ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित एवं निष्पक्ष जांच करने और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

पीड़िता और परिवार की सुरक्षा पर जोर

समाज ने अपने आवेदन में कहा है कि किसी भी प्रकार के प्रभाव, दबाव अथवा लापरवाही के कारण पीड़िता को न्याय मिलने में देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने तथा शासन के नियमानुसार आर्थिक सहायता एवं मुआवजा दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई है।

त्वरित कार्रवाई की मांग

समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाली ऐसी गंभीर घटनाओं पर पुलिस प्रशासन को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कानून के दायरे में लाना आवश्यक है, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। समाज ने प्रशासन से मामले में गंभीरता दिखाते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है।

उच्च शिक्षा के साथ तकनीकी जानकारी भी रखें छात्र



हरिभूमि न्यूज: डौंडीलोहारा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए करियर एवं तकनीकी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में करियर एवं तकनीकी जागरूकता कार्यक्रम

किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 12वीं के गणित एवं जीव विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रवेश परीक्षाओं, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा भविष्य में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी देकर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम विद्यालय प्रभारी चंद्रा देबनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अनिकेत सिन्हा, काउंसलर, छत्रपति शिवाजी संस्थान दुर्ग ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में उभरते तकनीकी क्षेत्रों की जानकारी दी। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स सहित आधुनिक तकनीकों के उपयोग और भविष्य में इन क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं के बारे में बताया। वास्तविक प्रोजेक्ट और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीकी विकास तथा उससे जुड़ी रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया गया। व्याख्याता अजय पाठक ने विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं के बाद आयोजित होने वाली विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं, व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों तथा उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया, अपनी रुचि और योग्यता के अनुरूप पाठ्यक्रम का चयन करने तथा भविष्य के लिए सुनियोजित करियर योजना बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने विद्यार्थियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी। छत्रपति शिवाजी संस्थान दुर्ग के समूह की ओर से भी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक एवं अन्य उपलब्धियों के आधार पर मिलने वाली छात्रवृत्ति सुविधाओं के बारे में बताया गया। इसमें कक्षा 12वीं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए मेरिट आधारित छात्रवृत्ति, खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए सहायता तथा लेखन एवं अन्य प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वाले छात्रवृत्ति अवसरों की जानकारी शामिल रही।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि तकनीकी कौशल, व्यावसायिक शिक्षा और नए क्षेत्रों में रुचि विकसित करना भी आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता और करियर लक्ष्य के अनुरूप सही क्षेत्र का चयन कर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जयदीप सिंह भुई एवं पुकेश देशमुख भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रवेश परीक्षाओं और छात्रवृत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुईं। साथ ही उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक होकर बेहतर करियर निर्णय लेने की प्रेरणा मिली।

योग शिविर में विद्यार्थियों ने सीखे स्वस्थ जीवन के गुर

हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा



अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में शासकीय संलग्न माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर में योग शिक्षक पीलू राम साहू ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का अभ्यास कराते हुए स्वस्थ जीवन जीने की कला से परिचित कराया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें बचपन से ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। तीन दिनों तक चले इस शिविर में विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास के महत्व की जानकारी दी गई। योग शिक्षक पीलू राम साहू ने बताया कि योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है। यह केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि शरीर, मन और विचारों में संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम भी है। नियमित योगासन और प्राणायाम के अभ्यास से शारीरिक क्षमता बढ़ाने, मन को शांत रखने तथा एकाग्रता विकसित करने में सहायता मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उनकी उपयोगिता समझाई। साथ ही बताया कि वर्तमान समय में पढ़ाई, दिनचर्या और बदलती जीवनशैली के बीच बच्चों के लिए शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना बेहद आवश्यक है। नियमित योगाभ्यास, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और अनुशासित दिनचर्या अपनाकर स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया कि छोटी उम्र से योग की आदत विकसित होने पर जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलता है। योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ रहने के साथ-साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी मानसिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक होता है। तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने तथा भारतीय योग परंपरा से जोड़ने का प्रयास किया गया। आयोजकों की इस पहल को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में उपयोगी कदम माना जा रहा है।

तीन दिनी योग शिविर का शुभारंभ



जामगांव आर। उपतहसील जामगांव आर में योग समिति ने जनहित में तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर मैदान में किया। इसका शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम में योग साधक बेनीराम साहू, वाईके साहू, समिति अध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू, उपाध्यक्ष ढालसिंह साहू, सचिव संतोष साहू ने सहभागिता अदा किए। दीप ज्योति परम ज्योति के साथ उद्घाटित प्रथम दिवस शिविर का अतीत अंकन वन्देमातरम सामूहिक गायन के साथ हुआ। शिविर में प्रथम दिवस जामगांव आर साहू समाज, परिक्षेत्र अध्यक्ष पारखत साहू, पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, पूर्व अध्यक्ष डॉ गुलाब साहू, जामगांव आर, कुम्हली, भरर, औरी, बोरवाय, खोला, नवागांव, बेलहारी, धमना, चुलगहन आदि ग्रामों के चिंतन शील योग साधकों की प्रेरणादाई सारगर्भित उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि मोटिवेटर एक्सपर्ट शिक्षा विद सीएल साहू ने कहा कि स्वस्थ और मस्त जीवन जीने की कला सिखाता है योग, निरोगी जीवन जीने के लिए योगी को स्वचिकित्सक बनाता है योग, अनुशासन और समय प्रबंधन की कला सिखाता है योग, पुण्य अर्जन के लिए दूसरों को योग सिखाने को प्रेरित करता है योग, वसुदेव कुटुम्बकम् के स्वास्थ की मंगलकामना करता है। उपतहसील जामगांव आर स्तरीय योग समिति अध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू ने कहा कि तन खराब, तो मन खराब और तन–मन खराब, तो धन खराब ये तीनों खराब तो पूरा जीवन खराब, जीवन को बर्बाद होने से बचाने योग करे और योग कराए। परिवार समाज संतान को योग का तोहफा देकर मित्रता निभाए, स्वयं पुण्यशाली बने, भव की यात्र में आनंद पाए। डॉ. गुलाब साहू ने कहा कि स्वस्फूर्त योग शिविर से जुड़कर प्रतिदिन योग को दिनचर्या में शामिल करे जीवन में आनंद की गंगा बह निकलेगी। आरएसएस पदाधिकार हलधर महमल्ला, रामायण मर्मज्ञ भेल कुमार, समाज सेवी हिरदेराम देवांगन, कुम्हली ग्रुप लीडर मोगन सपहा, शासकीय कालेज जामगांव आर ग्रुप लीडर तामेश्वरी सहारा, शंभू साहू, किरण कुमार, कनक साहू, वैभव यदु, मेघराज चंद्राकर, रमन साहू, उमेश कुमार, रानी साहू, सहित शिक्षाविद, विद्यार्थी, समाज के चिंतन शील प्रबुद्ध वर्ग ने गगन भेदी नारे करेंगे।

चंद्रयान-3 और 'विकसित भारत' की थीम ने मोहा मन

पीएम श्री सेजेस डौंडी की छात्राओं ने बनाई 17×17 फीट की विशाल रंगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा/ डौंडी



सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पीएम श्री सेजेस डौंडी में छात्राओं ने अपनी कला, रचनात्मकता और अद्भुत समर्पण का परिचय देते हुए 17×17 फीट की विशाल रंगोली तैयार की।

'सेवा के रंग' कार्यक्रम के तहत 'विकसित भारत' की थीम पर बनी इस रंगोली को हिंदी माध्यम की 32 छात्राओं ने 6 और 7 अक्टूबर को लगातार दो दिनों तक लगभग आठ घंटे की मेहनत से साकार किया। दिन-रात जुटकर छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से विद्यालय परिसर को आकर्षक बना दिया। रंगोली के अवलोकन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत डौंडी के अध्यक्ष मुकेश कोड़ो ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य ज्योति मेश्राम ने की। प्राचार्य ने रंगोली की थीम के माध्यम से भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों और चंद्रयान-3 मिशन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई 2023 को प्रक्षेपित चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा था। इसके साथ भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में उतरने वाला पहला देश बना। प्रज्ञान रोवर ने चंद्र सतह पर वैज्ञानिक परीक्षण कर विभिन्न तत्वों की मौजूदगी से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाए। इस जानकारी ने विद्यार्थियों में विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाई।

सीईओ ने पूछे प्रश्न, मेडल देकर सम्मानित की गईं 32 छात्राएं

विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत डौंडी के सीईओ डी.डी. मंडले दोनों दिन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं से चंद्रयान-3 से जुड़े प्रश्न पूछे और सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। समापन पर रंगोली निर्माण में सहभागी सभी 32 छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीओ नीरज वर्मा, तकनीकी सहायक अभियंता प्रशांत सोनबियत, बीपीएम अंजू, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स डौंडी ब्लॉक की सहायक सचिव तनुजा बंजारे तथा नोडल अधिकारी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मिथिला सिंघारे का विशेष योगदान रहा। रंगोली का निर्माण मिथिला सिंघारे और तनुजा बंजारे के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत के अधिकारी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ग्राम पटेल संघ की बैठक 12 को

बालोद। जिला ग्राम पटेल संघ का मासिक बैठक 12 अक्टूबर सोमवार को दोपहर 12 बजे मां बंजारी धाम जुंगेरा में आयोजित किया गया है। जिसमें जिला बालोद के समस्त तहसील के ग्राम पटेलों कि उपस्थित रहेगी। यह जानकारी जिला संध के मिडिया प्रभारी भाव सिंह यदुवंशी ने दिया।



